भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 57

(जिसका उत्तर सोमवार, 18 नवम्बर, 2019/27 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाना है।)

विदेशी ऋण

57. श्री मलूक नागर:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारत पर विदेशी ऋण के बोझ का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारत के विदेशी ऋण बोझ में वर्ष 2014 के बाद सर्वाधिक वृद्धि दर्ज हुई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क): भारत का विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के विदेशी ऋण का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	विदेशी ऋण (यूएस बिलियन)	विदेशी ऋण का जीडीपी में अनुपात (प्रतिशत)	ऋण सेवाएं अनुपात (प्रतिशत)	कुल ऋण में विदेशी विनिमय भंडार का अनुपात (प्रतिशत)
2015	474.7	23.8	7.6	72.0
2016	484.8	23.4	8.8	74.3
2017	471.0	19.9	8.3	78.5
2018 *	529.3	20.1	7.5	80.2
2019 *	543.3	19.8	6.4	76.0
जून अंत 2019 #	557.4	19.8	5.8	77.1

* आंशिक रूप से संशोधित #अनंतिम

(ख) और (ग): भारत का विदेशी ऋण मार्च 2014 के अंत में 446.2 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में जून 2019 के अंत में 557.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था। जून 2019 के अंत में विदेशी ऋण का अनुपात जीडीपी का 19.8 प्रतिशत था जो कि मार्च 2014 के अंत में 23.9 प्रतिशत था।

*****